भा.कृ.अनु.प.-आईएआरआई, पूसा, नई दिल्ली द्वारा विकसित 109 फसल किस्मों के विमोचन और भा.कृ.अनु.प.– के.मा.शि.सं., - के.मा.शि.सं , मुंबई द्वारा अनुसंधान परियोजना स्वच्छता कार्य योजना और मछली बाजारों से मछली अपशिष्ट के वाणिज्यिक उपयोग के तहत वेसावा मच्छीमार विविध कार्यकारी सहकारी सोसायटी लिमिटेड, वर्सोवा, मुंबई के मछुआरों को इनपुट वितरण का समानांतर कार्यक्रम

भा.कृ.अनु.प.- आर-आईएआरआई, पूसा, नई दिल्ली के अनुसंधान फार्म में भा.कृ.अनु.प. द्वारा विकसित 109 फसल किस्मों के विमोचन पर माननीय प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के साथ-साथ भा.कृ.अनु.प - के.मा.शि.सं., द्वारा 11 अगस्त 2024 को प्रातः 11 बजे से वेसावा मच्छीमार विविध कार्यकारी सहकारी सोसायटी लिमिटेड, वर्सोवा, मुंबई में समानांतर कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस कार्यक्रम में, भा.कृ.अनु.प - के.मा.शि.सं., मुंबई ने भा.कृ.अनु.प -वित्त पोषित अनुसंधान परियोजना स्वच्छता एक्शन प्लान और मछली बाजारों से मछली अपशिष्ट के वाणिज्यिक उपयोग के अंतर्गत मत्स्य पालन सोसायटी को आइस बॉक्स जैसे इनपुट प्रदान किए। मछुआरों और मछुआरा सदस्यों ने इनपुट के साथ-साथ निरंतर समर्थन के लिए के.मा.शि.सं. के निदेशक डॉ रविशंकर सी . एन. एवं संयुक्त निदेशक डॉ एन पी साहू को हार्दिक आभार व्यक्त किया । कार्यक्रम में श्री जयइंद्र लाड़गे, उपाध्यक्ष, श्री स्वप्निल डोंगरीकर, निदेशक मंडल, श्री प्रदीप तापके, वेसावा मच्छीमार विविध कार्यकारी सहकारी सोसायटी लिमिटेड के सदस्य, नकवा मंडा, वर्सोवा, आईसीएआर-सीआईएफई संकाय डॉ अर्पिता शर्मा, विभागाध्यक्ष , एफईईएस विभाग , डॉ स्वदेश प्रकाश, प्रधान वैज्ञानिक और विभाग के छात्र राम कुमार कुर्मी और श्री विजेंद्र कुमार और श्री प्रदीप लांजिले शामिल हुए।

वेनाया मच्छिमार विविध कार्यकारी सहकारी सोसायटी लिमिटेड
नई दिल्ली
अनुदानित अनुसंधान परियोजना
"स्वच्छता एक्शन प्लान और मत्स्य बाजारों में
उत्पन्न कचरे का व्यावसायिक उपयोग"
के अंतर्गत
केंद्रीय मात्स्यिकी शिक्षा संस्थान, मुंबई
द्वारा इनपुट्स का वितरण